राजनाथ सिंह
RAJNATH SINGH

सत्यमेव जयते

रक्षा मंत्री
भारत
DEFENCE MINISTER
INDIA

दिनांक : 26.05.2021

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई है कि केन्द्रीय मंत्री एवं मेरे अभिन्न मित्र श्री नितिन गडकरी के जन्मदिवस के अवसर पर 'नवभारत' समाचार पत्र के सभी संस्करणों में एक 'विशेष परिशिष्ट' प्रकाशित किया जा रहा है। इस परिशिष्ट में श्री नितिन गडकरी के जीवन में तमाम पक्षों पर प्रकाश डाला जायेगा।

नितिन जी अपनी कार्यशैली, कार्य क्षमता और अपने बेबाक व्यक्तित्व और सफल कृतित्व के कारण बहुत कम समय में भारतीय राजनीति में अपना एक अहम स्थान बनाने में सफल रहे है। वे राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रखर प्रवक्ता हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री के रूप में उन्होंने जो उपलब्धियॉ अर्जित की है वह बड़ी बेमिसाल और अदभुत है।

अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने भारत में रिकार्ड संख्या में सड़कों का निर्माण कराया है। उन्होंने भारतीय परिवहन व्यवस्था को नई पहचान देने के साथ–साथ आधारभूत संरचना को मजबूती देने का भी काम किया है।

मैं नितिन जी के जन्मदिवस के अवसर पर उन्हें अपनी हार्दिक शुभेच्छा प्रेषित करता हूं तथा ईश्वर से उनके दीर्घायु होने की कामना करता हूं।

शुभकामनाओं सहित।

(राजनाथ सिंह)

Office : Room No. 104, Ministry of Defence, South Block, New Delhi-110011
Tel. : +91 11 23012286, +91 11 23019030, Fax : +91 11 23015403
E-mail : rmo@mod.nic.in